Chapter- 5

# स्वच्छता का पाठ

**STUDY NOTES**

## MIND MAP



## पाठ प्रवेश-

मानव इस सृष्टि का सर्वश्रेष्ठ प्राणी है। उसका उत्तरदायित्व केवल अपने तथा परिवार के सदस्यों तक सीमित नहीं रह सकता। उसे अपनी स्वच्छता के प्रति संवेदनशील का दायरा अपने निवास-स्थान से बढ़कर, मोहल्ले तथा देश तक बढ़ाना चाहिए।

## सारांश

गर्मियों की। छुट्टियों में गोलू अपने दादा जी के पास गाँव आया था। उसे मज़ा आता था लेकिन पहली बार ऐसा हुआ कि उसे मज़ा नहीं आया। दादी जी के पूछने पर वह बताता है कि उसके सभी साथी बीमार थे। कारण था गंदगी ।लोग इधर-उधर कूड़ा फेंक देते, जिससे मक्खी- मच्छर बीमारी फैलने का कार्य करते। गाँव के सभी बच्चे बीमार हो रहे थे। गोलू स्वच्छता- अभियान के बारे में बताता है।वह अस्पताल जाकर डॉक्टर से बताकर एक योजना बनाता है, डॉक्टर  गाँववालों को बुलाते हैं। वे बताते हैं कि बच्चे बार- बार बीमार हो रहे हैं। उनका तबादला दूसरे गाँव में हो गया और नए डॉक्टर को आने में एक महीना लग जाएगा। सब लोग स्वच्छता का ध्यान नहीं रखते। बच्चे बीमार हो जाएँगे और उनका इलाज नहीं हो पाएगा। डॉक्टर के कहने पर सभी साफ़- सफ़ाई का ध्यान रखते। एक महीने बाद डॉक्टर सभी गाँववालों को बुलाकर बताते हैं कि गाँव को साफ़ सुथरा देखकर पुरस्कार के लिए चुना है। सभी डॉक्टर का धन्यवाद करते हैं,

लेकिन डॉक्टर गोलू को धन्यवाद  कहने केलिए कहते हैं।सबने गोलू धन्यवाद कहा और प्रशंसा की कि उम्र में छोटा होकर भी उसने सभी को स्वच्छता का पाठ पढ़ाया। गोलू की छुट्टियाँ खत्म हो रही थी।वह अपने पापा के साथ वापस जा रहा था। सभी उसे बस स्टॉप पर छोड़ने आए।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow